नियमावली

1. संस्था का नाम : देव वेलफेयर एण्ड एजुकेशनल फाउण्डेशन

2. संस्था का पता : नई कालोनी, पूरे हुसैन खॉ, इलाहाबाद रोड, निकट– डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय, तहसील–सदर, जिला–फैजाबाद

3. संस्था का कार्यक्षेत्र : सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश।

4. संस्था की सदस्यता तथा सदस्यों के वर्ग:

आजीवन सदस्य : जो व्यक्ति संस्था को निःस्वार्थ भाव से एक बार में 10,000/रूपया देगा और सदस्यता हेतु प्रबन्धक से अनुमोदन प्राप्त करेगा वह संस्था का आजीवन सदस्य कहलायेगा।

सामान्य सदस्य : जो व्यकित संस्था के विकास हेतु 2000/रूपया सालाना सदस्यता शुल्क देगा और सदस्यता हेतु प्रबन्धक से अनुमोदन प्राप्त करेगा वह संस्था का सामान्य सदस्य होगा ।

5 सदस्यता की समाप्ति:

1 मृत्यु हो जाने पर ।
2 पागल या दिवालिया हो जाने पर ।
3 संस्था के प्रति हानि कर कार्य करने पर।
4 अविश्वास प्रस्ताव या त्यागपत्र देने पर ।
5 नियमित रूप से सदस्यता शुल्क न अदा करने पर।
6 लगातार तीन बैठको में अनुपस्थित होने पर।
7 नैतिक अपराध में न्यायालय द्वारा दंडित होने पर।

6 संस्था के अंग : 1– साधारण सभा 2– प्रबन्धकारिणी समिति ।

7 साधारण सभा :

गठन : संस्था के आजीवन एंव सामान्य सदस्यों को मिलाकर साधारण सभा का गठन होगा।

बैठके : साधारण सभा की सामान्य बैठक साल में एक बार व विशेष बैठक कभी भी आवश्यकतानुसार सदस्यों को सूचना देकर बुलाई जा सकती है।

सूचना अवधि : साधारण सभा की सामान्य बैठक की सूचना 15 दिन पूर्व व विशेष बैठक की सूचना 7 दिन पूर्व सदस्यों को लिखित रूप में दी जायेगी।

सुशीला सिंह
अर्चना
Tabassum Naaz
गीता शर्मा
निशारानी